सं. ई-13063/एन/28/2020-हिन्दी/53

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केंद्रीय जल आयोग

906(द.), सेवा भवन,
आर के पुरम, नई दिल्ली-110066
दिनांक: 21 फरवरी,2022

# परिपत्र

**विषय: 'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ' के आयोजन के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के दिनांक 15.02.2022 के अर्द्धशासकीय पत्र सं. ई-11017झ/1/2021-हिन्दी के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की अध्यक्षता में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा दिनांक 22.02.2022 को पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक **'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ'** का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू महोदय द्वारा किया जाएगा। यह कार्यक्रम यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारित होगा।

उक्त कार्यक्रम से जुड़ने हेतु आवश्यक लिंक (यू-ट्यूब लिंक) निम्नानुसार है;-

**https://youtu.be/9W5tdhFLKcE**

आप सभी से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त लिंक के माध्यम से जुड़कर इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इसे अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

21/02/2022

(रजिन्दर पॉल)
उप निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष:011 29583720

**प्रतिलिपि:**

**के.ज.आ. के सभी अधिकारी/कर्मचारी (वेबसाइट के माध्यम से)**

**मुख्य अभियंता, सभी क्षेत्रीय कार्यालय**

**अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21 फरवरी 2022)** के उपलक्ष्य में

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के नेतृत्व में भारत सरकार के वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों के समवेत आयोजन

## ‘भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ’

का **‘पल-प्रति-पल कार्यक्रम’**

**स्थान:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, पृथ्वी भवन, लोदी रोड़, नई दिल्ली का **‘महिका सभागार’**

**दिनांक: 22/02/2022**

| | | |
|---|---|---|
| 11:00 बजे - 11:05 बजे | : | वीआईपी का आगमन, स्वागत एवं स्थान ग्रहण करना |
| 11:05 बजे - 11:07 बजे | : | मंत्रोच्चार के साथ द्वीप प्रज्जवलन |
| 11:07 बजे - 11:14 बजे | : | विभागीय कार्मिकों द्वारा **‘मिले सुर मेरा तुम्हारा...’** की प्रस्तुति |
| 11:15 बजे - 11:20 बजे | : | स्वागत भाषण सचिव, पृथ्वी विज्ञान द्वारा |
| 11:20 बजे - 11:30 बजे | : | विषय प्रवर्तन, प्रोफे (डॉ.) गिरीश्वर मिश्र, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा द्वारा |
| 11:30 बजे - 11:35 बजे | : | प्रोफे (डॉ.) रीता बहुगुणा जोशी, संयोजिका, संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उपसमिति द्वारा संबोधन |
| 11:35 बजे - 11:40 बजे | : | डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जी द्वारा संबोधन |
| 11:40 बजे - 11:55 बजे | : | महामहिम उपराष्ट्रपति जी द्वारा महोत्सव का शुभारंभ एवं आशिर्वचन |
| 11:57 बजे - 11:59 बजे | : | धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा |
| 12:00 बजे | : | राष्ट्रगान और उसके बाद जलपान |

सचिव
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
पृथ्वी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003

SECRETARY
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EARTH SCIENCES
PRITHVI BHAWAN, LODHI ROAD, NEW DELHI-110003

सत्यमेव जयते

डॉ. एम. रविचंद्रन
**Dr. M. Ravichandran**

अर्द्धशासकीय पत्रांक : ई-11017झ/1/2021-हिंदी

दिनांक: 15/02/2022

प्रिय महोदय / महोदया,

आपको यह सूचित करते हुए मुझे बड़ा हर्ष हो रहा है कि भारत सरकार के विज्ञान मंत्रालयों द्वारा भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन और संवर्धन की दृष्टि से **'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ'** आयोजित करने का निश्चय किया गया है। भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं और हिंदी राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं सम्मिलित हैं। भाषाओं की विविधता देश की एकता को सुदृढ़ करती है और उनमें रचे साहित्य हमें समृद्ध करते हैं। ज्ञान विज्ञान के आलोक को जन-जन तक पहुँचाने और लोकतंत्र को समृद्ध करने के लिए इन सभी भाषाओं समर्थ बनाने की आवश्यकता है।

यह ध्यान में रखते हुए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने कुछ अन्य वैज्ञानिक मंत्रालयों/विभागों के साथ मिलकर **'भारत भारती भाषा महोत्सव: शुभारंभ'** की संयुक्त पहल की है। भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू महोदय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 22 फ़रवरी 2022 को 1100 से 1200 बजे तक पृथ्वी भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली में इस आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। माननीय डा. जितेंद्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

आपसे साग्रह अनुरोध है कि **इस अवसर पर स्वयं उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनायें।** यह कार्यक्रम यूट्यूब चैनेल https://youtu.be/9W5tdhFLKcE पर सीधा प्रसारित होगा। कदाचित आप इससे सहमत होंगे कि भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी स्तर पर यह एतिहासिक आयोजन सभी भारतवासियों के लिए गौरव एवं प्रेरणा का विषय है, इसलिए मेरा आपसे यह भी आग्रह है कि **अपने संगठन सहित सभी अधीनस्थ कार्यालयों/स्वायत्तशासी निकायों में कार्य करने वाले कार्मिकों को भी प्रेरित करें कि वे उक्त लिंक से जुड़कर इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।**

सादर,

भवदीय,

एम. रविचंद्रन

(एम.रविचंद्रन)

सेवा में,

सचिवगण, भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
(सूची के अनुसार)

Tel. : +91-11-24629771, 24629772 ❑ Fax : +91-11-24629777 ❑ E-mail : secretary@moes.gov.in